कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.12.2019

प्रेस विज्ञप्ति

गर्ल्स कॉलेज में
विश्व दिव्यांग दिवस पर किया सम्मान

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि यह दिवस पूर्ण सहभागिता और समानता को प्रदर्शित करता है। दिव्यांग व्यक्तियों को समाज में विकास के बराबर अवसर मिले तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए अवसर मिलता है।

यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय स्तर, राष्ट्रीयस्तर और क्षेत्रीय स्तर पर दिव्यांगजनों के लिए पुनरूद्धार, रोकथाम और बराबरी के अवसर पर जोर देने हम सभी कृत–संकल्पित है। इसके साथ ही हमारे महाविद्यालय में कुछ छात्राएँ विगत वर्षों से अध्ययनरत् है, जो कि न सिर्फ सफलतापूर्वक अध्ययन कर रही है बल्कि विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़–चढ़कर भाग लेकर पुरस्कार भी प्राप्त करती है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय में कार्यरत् कमलेश कुमार साहू का शॉल–श्रीफल से सम्मान किया गया। महाविद्यालय में अध्ययनरत् श्रवण बाधित एवं अस्थि बाधित छात्राओं का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर नृत्य विभाग की प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर ने दिव्यांग छात्राओं को नृत्य विधा सिखाने के अपने अनुभव बताए तो वहीं चित्रकला विभाग के डॉ. योगेन्द्र त्रिपाठी ने श्रवण बाधित छात्रा के राष्ट्रीय स्तर पर चित्रकला स्पर्धा में प्रतिभागिता एवं पुरस्कृत होने पर इसे उल्लेखनीय बताया। सम्मान पाकर अभिभूत कु. आस्था पाण्डे, फरहीन शेख, अंजना एवं टीनल ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

सम्मान समारोह के अंत में डॉ. ज्योति भरणे ने आभार व्यक्त किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

विश्व दिव्यांग दिवस पर किया सम्मान

PRINCIPAL
Govt Dr. Ww. Patenkar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

रेड रिबन क्लब पुरस्कृत

दुर्ग. शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब को एड्स जागरूकता एवं नियंत्रण अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए रविवार को नई दिल्ली में पुरस्कृत किया गया.

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एड्स दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में सक्रिय भागीदारी एवं उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया.

महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. रेशमा लाकश ने समारोह में पुरस्कार प्राप्त किया. महाप्रबंधक राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन एवं केन्द्रीय विशेष सचिव संजीव कुमार ने डॉ. रेशमा लाकेश को सम्मानित किया. उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेडक्रास इकाई निरंतर स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करती है. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशीलचंद्र तिवारी एवं प्राध्यापकों ने बधाई दी है.

गर्ल्स कॉलेज को रेडरिबन बेस्ट क्लब का पुरस्कार

भिलाई| एड्स जागरूकता एवं नियंत्रक अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में दुर्ग के गर्ल्स कॉलेज को बेस्ट रेड रिबन क्लब का पुरस्कार दिया गया। नई दिल्ली में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन एवं स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज की रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन थे। इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने इसकी सराहना की।

एड्स जागरुकता के लिए गर्ल्स कॉलेज को दिल्ली में मिला सम्मान

भिलाई ◆ शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग के रेड-रिबन को एड्स जागरुकता और नियंत्रण अभियान में भागीदारी के लिए रविवार को नई दिल्ली में पुरस्कृत किया गया। एड्स दिवस के मौके पर राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ए परिवार कल्याण मंत्रालय ने दिल्ली में समारोह कराया था, जिसमें कन्या महाविद्यालय को प्रशस्ती पत्र दिया गया। इस महाविद्यालय की रेड-रिबन क्लब प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने समारोह में पुरस्कार लिया। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के महाप्रबंधक व केंद्रीय विशेष सचिव संजीव कुमार ने डॉ. लाकेश को सम्मानित किया।

पत्रिका . भिलाई, सोमवार, 02 दिसंबर, 2019
patrika.com

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.11.2019

प्रेस विज्ञप्ति

गर्ल्स कॉलेज में
एड्स जागरूकता अभियान
रैली निकाल कर दिया संदेश बचाव ही उपचार

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वाधान में एड्स जागरूकता अभियान के तहत ''एड्स मुक्त विश्व की ओर'' का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।

यूथ रेडक्रॉस इकाई की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि विभिन्न आयोजनों में नारा लेखन, भाषण, पोस्टर, निबंध स्पर्धाएं आयोजित की गयी।

एड्स जागरूकता पर बनाये गये पोस्टर की प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी जिसमें निर्णायक मंडल ने चार श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन पुरस्कार हेतु किया गया।

जनजागरूकता अभियान के क्रम में रैली निकाली गयी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई विभिन्न स्लोगन बनर व पोस्टर तथा नारे के माध्यम से एड्स से बचाव ही उपचार का संदेश दिया।

इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अपने संबोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि एचआईवी से ग्रसित लोगों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है हमारा कर्त्तव्य है कि समाज में जागरूकता फैलाये और इसकी रोकथाम के लिए जानकारी का प्रचार–प्रसार करें जिससे हमारा समाज सुरक्षित एवं संरक्षित हो सकेगा। उन्होनें कहा कि एड्स वर्तमान युग की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अभियान एड्स की रोकथाम, उपचार और देखभाल को बढ़ावा देता है।

बी.एससी. प्रथम वर्ष की कु. प्रगति राजपूत ने छत्तीसगढ़ी भाषा में अपना वक्तव्य दिया और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर रेड रिबन प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि एड्स छूने, हाथ मिलाने और बातचीत करने से नहीं फैलता बल्कि इसके लिए बचाव व संयम ही सुरक्षित उपचार है। संक्रमित खून और असुरक्षित यौन संबंध एच.आईव्ही. संक्रमण का प्रमुख कारण है।

इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विद्यार्थियों को रेड रिबन क्लब की ओर से पुरस्कृत किया गया।

छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया जिसका प्रदर्शन विभिन्न इलाकों में किया गया जिसमें संदेश दिया गया कि जिम्मेदार नागरिक की तरह हम एड्स मुक्त समाज के लिए जागरूकता फैलाए।

इस अभियान में यूथरेडक्रॉस, ग्रीन आर्मी तथा एक्वा क्लब की छात्राओं के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवकों ने सक्रिय भागीदारी की।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

PRINCIPAL
Govt Dr Ww. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में
एड्स जागरूकता अभियान
रैली निकाल कर दिया संदेश बचाव ही उपचार





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 20.11.2019

प्रेस विज्ञप्ति

गर्ल्स कॉलेज में

"एड्स : सोशल इशुस"

रेड रिबन क्लब छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता अभियान "एड्स मुक्त विश्व की ओर" कार्यक्रम के अन्तर्गत "एड्स : सोशल इशुस" पर समूह चर्चा का आयोजन किया गया।

प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि एच.आई.व्ही./एड्स विश्व का प्रमुख संक्रामक एवं जानलेवा रोग है, साथ ही यह एक सामाजिक समस्या भी है जो एक महामारी के रूप में लगातार बढ़ता जा रहा है। इस रोग और इसकी रोकथाम के अतिरिक्त इसका दुखदायी पक्ष है कि एड्स पीड़ित को अछुत समझा जाना एवं उससे सामाजिक भेदभाव करना जैसे स्कूल, कॉलेज, नौकरी से बेदखल और अनेक सामाजिक एवं मानसिक प्रताड़ना देना। इसलिए आवश्यक है कि समाज अपना दृष्टिकोण और मानसिकता बदले ताकि एड्स की रोकथाम में आने वाले सोशल इशुस को समझकर पीड़ितों से सामान्य एवं सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार किया जा सके।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि एड्स शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को इतना दुष्प्रभावित कर देता है कि इस गंभीर रोग की रोकथाम या इसका उपचार करना आवश्यक हो जाता है, साथ ही इस रोग को रोकने का एकमात्र उपाय है जागरूकता। दुर्भाग्यवश इस रोग के फैलने के बारे में पर्याप्त जानकारी साझा नहीं होने के कारण, अधिकांश लोग इसके बारे में बात करने में हिचकिचाते है। अतः इसके उपचार में कमी के कारण यह महामारी का रूप धारण कर चुका है। उन्होनें छात्राओं से आव्हान किया कि लोगों को इस रोग की उत्पत्ति एवं प्रसार के बारे में बताएं ताकि इसके दुष्प्रभाव से बचा जा सके।

विषय–विशेषज्ञ डॉ. शमा हमदानी ने एड्स प्रभावित लोगों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार, समेकित परामर्श एवं परीक्षण केन्द्र, एच.आई.व्ही./एड्स के प्रति भ्रांतियां, यौन संक्रमित रोगों के उपचार, युवाओं के संक्रमित होने की अधिक आशंका, एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी एवं रक्त आदान–प्रदान संबंधी सुरक्षा इत्यादि पर विस्तार से चर्चा की।

कु. आरती यादव ने एड्स के प्रसारण के कारण संक्रमित रक्त, निडल, सिंरिज, असुरक्षित यौन संबंध के अतिरिक्त गर्भवती माँ के द्वारा गर्भावस्था के समय, प्रसव के समय या स्तनपान के समय शिशु को संक्रमित कर सकता है।

कु. पायल साहू ने लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि लगातार वजन में कमी, खांसी, जुकाम, बुखार, सिरदर्द, थकान, शरीर पर फंगल इन्फेक्शन, भोजन से मन हटना, लसीकाओं में सुजन है।

कु. सीमा यादव ने बचाव के तरीके जैसे खून जांच कर ही चढ़ाना, उपयोग की हुई सुईयों एवं सिंरिज का प्रयोग ना करना, नई ब्लेड का प्रयोग एवं सुरक्षित यौन संबंध बताये।

कु. नम्रता देवांगन ने बताया कि भ्रंतियाँ जैसे एड्स पीड़ित के साथ खाने–पीने, उठने–बैठने, हाथ मिलाने, गले मिलने, बर्तन साझा करने, खांसी या छींकों या पशुओं या कीटों के काटने से एड्स नहीं होता है।

छात्राओं ने उक्त चर्चा के बाद एड्स मुक्त विश्व की ओर अपना सहयोग देने का संकल्प लिया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girls PG College, Durg (C.G.)

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति

गर्ल्स कॉलेज में

"एड्स : सोशल इशुस"





PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 15.11.2019

प्रेस विज्ञप्ति

गर्ल्स कॉलेज में अवेरनेस कैम्पेन

"रक्तदान–महादान"

शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में रेड रिबन क्लब छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में "रक्तदान–महादान" जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ श्री सुदीप श्रीवास्तव, प्रमुख सलाहकार, राज्य रेडक्रॉस सोसायटी, रायपुर छत्तीसगढ़, सुश्री नीतू मंडावी, प्रभारी राज्य एड्स कन्ट्रोल रायपुर छत्तीसगढ़ उपस्थित थे। संयोजक एवं यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि रक्तदान से संबंधित भ्रांतियों को दूर कर इस शुभ दान की ओर प्रेरित करने हेतु, यह आयोजन किया गया है क्योंकि आमतौर पर यह माना जाता है कि रक्तदान से शारीरिक कमजोरी आ जाती है परन्तु कुछ विशेष परिस्थितियों को छोड़ दे तो सभी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते है।

कार्यक्रम के मार्गदर्शक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि – रक्तदान ऐसा दान है जो हर कोई कर सकता है परंतु इसके लिए पहले स्वयं का स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए उचित आहार लेना होता है। रक्तदान राज्य व केन्द्र सरकार की योजनाएं है जिन्हें छात्राओं तक पहुंचाना है क्योंकि रक्तदान करने से किसी का जीवन बचाया जा सकता है।

रेडक्रॉस वालेन्टियर कु. रानू टिकरिया ने कहा कि रक्तदान से किसी व्यक्ति की जान बच सकती है, युवा पीढ़ी भली–भांति जान ले कि रक्तदान के तुरन्त बाद ही शरीर में बोनमेरू नये टिशू बनाते है अतः जागरूक एवं सशक्त बनकर हमें रक्त दान करना चाहिए।

सुश्री नीतू मण्डावी ने कहा कि – एचआईव्ही फैलने के चार कारणों में से एक प्रमुख इनफेक्टेड ब्लड है साथ ही निडिल, सीरींज, इन्फेक्टेड माँ से बच्चे को एवं असुरक्षित यौन संबंध है।

श्री सुदीप श्रीवास्तव ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिये क्योंकि रक्तदान करने से डर जागरूकता की कमी है। परन्तु रक्तदान करने से पहले जांच होती है ततपश्चात् ही रक्त लिया जाता है। उन्होनें छात्राओं को उत्साहित कर रक्तदान हेतु जोश दिलाया।

श्रीमती ज्योति भरणे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

PRINCIPAL
Govt Dr WAV. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में अवेरनेस कैम्पेन

"रक्तदान–महादान"



PRINCIPAL
Govt Dr WW. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

रक्तदान कर लोगों की जिंदगी बचाने में बनें भागीदार:डॉ.तिवारी

सिटी रिपोर्टर | भिलाई

गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में शुक्रवार को रेड रिबन क्लब छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान-महादान जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने कहा कि रक्तदान ऐसा दान है जो हर कोई कर सकता है परंतु इसके लिए पहले स्वयं का स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। रक्तदान से जीवनदान दिया

जा सकता है। संयोजक एवं यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि रक्तदान से संबंधित भ्रांतियों को दूर कर इस शुभ दान की ओर प्रेरित करने हेतु, यह आयोजन किया गया है क्योंकि आमतौर पर यह माना जाता है कि रक्तदान से शारीरिक कमजोरी आ जाती है परन्तु कुछ विशेष परिस्थितियों को छोड़ दे तो सभी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ सुदीप श्रीवास्तव, प्रमुख सलाहकार राज्य रेडक्रॉस सोसायटी, रायपुर, नीतू मंडावी, प्रभारी राज्य एड्स कन्ट्रोल रायपुर उपस्थित थे।

लोगों की जान बचाना भी जिम्मेदारी : रेडक्रॉस वॉलेंटियर रानू टिकरिया ने कहा कि रक्तदान से किसी व्यक्ति की जान बचा सकती है। रक्तदान के तुरंत बाद ही शरीर में बोनमेरू नये टिशू बनाते है। अतः जागरूक एवं सशक्त बनकर हमें रक्त दान करना चाहिए। नीतू मंडावी ने कहा कि एचआईवी फैलने के चार कारणों में से एक प्रमुख इन्फेक्टेड ब्लड है।

स्वैच्छिक रक्तदान के लिए करें जागरूक

सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। क्योंकि रक्तदान करने से अक्सर लोग डर जाते हैं। जागरूकता की कमी के कारण ऐसा होता है। उन्होंने छात्राओं को उत्साहित करते हुए रक्तदान हेतु प्रेरित किया। ज्योति भरणे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक, कर्मचारी व छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पत्रिका . भिलाई, शनिवार, 16 नवंबर, 2019

Weekend पत्रिका सिटीजन

ANCHOR रेडरिबन क्लब और यूथ रेडक्रास का आयोजन

गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं ने जाना रक्तदान के फायदे

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

भिलाई ◆ गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में रेड रिबन क्लब छत्तीसगढ़ एवं यूथ रेडक्रास ने मिलकर रक्तदान-महादान जागरुकता अभियान चलाया। इस अवसर पर कार्यक्रम विशेषज्ञ सुदीप श्रीवास्तव, राज्य प्रभारी एड्स नियंत्रण नीतू मंडावी, मौजूद थे। कार्यक्रम की संयोजक एवं यूथ रेडक्रास प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि रक्तदान से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने यह कार्यक्रम रखा गया है, क्योंकि आमतौर पर यह माना जाता है कि रक्तदान से शारीरिक कमजोरी आ जाती है परन्तु कुछ विशेष परिस्थितियों को छोड़ दे तो सभी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते है। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि रक्तदान ऐसा दान है जो हर कोई कर सकता है परंतु इसके लिए पहले स्वयं का स्वस्थ होना आवश्यक है। रक्तदान से हम किसी को जीवनदान दे सकते हैं।

बताए एचआईवी के कारण भी

वालेन्टियर रानू टिकरिया ने कहा कि युवा पीढ़ी को जानना चाहिए कि रक्तदान के तुरन्त बाद ही शरीर में बोनमेरू नये टिशू बनाते है अत: हमें रक्त दान करना चाहिए। नीतू मण्डावी ने एचआईवी फैलने के चार कारणों को बताया जिसमें से एक प्रमुख इनफेक्टेड ब्लड है साथ ही निडिल, सीरींज, इन्फेक्टेड मां से बच्चे को एवं असुरक्षित यौन संबंध है। सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान करने के लिए हमें सभी को प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में ज्योति भरणे ने आभार व्यक्त किया।

जिंदगी लाइव
रायपुर, शनिवार 16 नवंबर 2019
haribhoomi.com

रक्तदान अभियान के लिए गर्ल्स कॉलेज में चला अवेयरनेस कैम्पेन

रक्तदान करने से शरीर में नहीं आती कमजोरी

आमतौर पर यह माना जाता है कि रक्तदान से शारीरिक कमजोरी आ जाती है लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों को छोड़ दें तो सभी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते है। यह बातें दुर्ग शासकीय महाविद्यालय में रक्तदान जागरुकता पर आयोजित कार्यक्रम में संयोजक एवं यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश ने कहीं। उन्होंने बताया कि आयोजन का उद्देश्य रक्तदान से संबंधित भ्रांतियों को दूर कर इस शुभ दान की ओर लोगों को प्रेरित करना था।

भिलाई। शासकीय डॉ वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं यूथ रेडक्रॉस द्वारा रक्तदान-महादान जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ सुदीप श्रीवास्तव, प्रमुख सलाहकार, राज्य रेडक्रॉस सोसायटी रायपुर, नीतू मंडावी प्रभारी राज्य एड्स कंट्रोल रायपुर विशेष रूप से उपस्थित थे।

बच सकती है जान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मार्गदर्शक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि रक्तदान ऐसा दान है जो हर कोई कर सकता है। लेकिन इसके लिए स्वयं का स्वस्थ होना आवश्यक है। रक्तदान से जीवनदान दिया जा सकता है। रेडक्रॉस वालेन्टियर रानू टिकरिया ने कहा कि रक्तदान से किसी व्यक्ति की जान बच सकती है। युवा पीढ़ी भली-भांति जान ले कि रक्तदान के तुरन्त बाद ही शरीर में बोनमेरू नए टिशू बनाते है। हमें जागरूक एवं सशक्त बनकर रक्त दान करना चाहिए। नीतू मण्डावी ने कहा कि एचआईव्ही फैलने के चार कारणों में से एक प्रमुख इनफेक्टेड ब्लड है। साथ ही निडिल, सीरींज, इन्फेक्टेड मां से बच्चे को एवं असुरक्षित यौन संबंध इसका कारण है। सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। रक्तदान करने से डर, जागरूकता की कमी है। रक्तदान करने से पहले जांच होती है ततपश्चात ही रक्त लिया जाता है। उन्होंने छात्राओं को उत्साहित करते हुए रक्तदान के लिए प्रेरित किया। आभार प्रदर्शन ज्योति भरणे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

हरिभूमि

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.11.2019

प्रेस विज्ञप्ति

गर्ल्स कॉलेज में

विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया

हमारी दिनचर्या ही मधुमेह से बचाव का ईलाज है :– डॉ. शिवेन्द्र श्रीवास्तव

शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में विश्व मधुमेह दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मधुमेह के संबंध में सारगर्भित जानकारी से अवगत कराने डॉ. शिवेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव का व्याख्यान आयोजित किया गया।

यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि मधुमेह के संबंध में अपना उद्‌बोधन देते हुए डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में सर्वाधिक मधुमेह के पीड़ित है तथा प्रदेश में दुर्ग–भिलाई में सर्वाधिक मधुमेह के रोगी है। उन्होनें छात्राओं को मधुमेह के लक्षणों तथा उससे प्रभावित होने वाले अंगों के संबंध में वैज्ञानिक तथ्यों सहित महत्वपूर्ण जानकारी दी। शरीर के विभिन्न अंग हार्मोन्स के द्वारा प्रभावित होते है। मधुमेह में भी इसकी अधिकता आँख, किडनी, हृदय को सर्वाधिक प्रभावित करती है। इसके बचाव के लिये हमारी दिनचर्या का नियन्त्रण ही श्रेष्ठकर उपाय है। उन्होनें कहा कि मधुमेह की जानकारी बताते ही हमारे सलाहकारों की संख्या बढ़ जाती है। विभिन्न प्रकार के नुस्खों से हम दिगभ्रमित हो जाते है और बीमारी कम होने की बजाय बढ़ती जाती है। हमारा आलस्य और लापरवाही मधुमेह को जन्म देती है। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि खाना मना नहीं है बल्कि खाने पर नियंत्रण जरूरी है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि दिनचर्या के नियंत्रित होने से मधुमेह भी स्वभाविक तौर पर नियंत्रित हो जाता है।

स्पर्श हॉस्पिटल के अधिकारी अभिषेक जैन ने भी हॉस्पिटल में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. रेशमा लाकेश ने किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girls PG. College, Durg (C.G.)

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया

हमारी दिनचर्या ही मधुमेह से बचाव का ईलाज है :– डॉ. शिवेन्द्र श्रीवास्तव



PRINCIPAL
Govt Dr WW. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

देशबन्धु 9

हमारी दिनचर्या ही मधुमेह से बचाव का ईलाज है : डॉ. शिवेन्द्र श्रीवास्तव

दुर्ग, 14 नवंबर (देशबन्धु)। शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में विश्व मधुमेह दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मधुमेह के संबंध में सारगर्भित जानकारी से अवगत कराने डॉ. शिवेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव का व्याख्यान आयोजित किया गया। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि मधुमेह के संबंध में अपना उद्बोधन देते हुए डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में सर्वाधिक लोग मधुमेह के पीड़ित है तथा प्रदेश में दुर्ग-भिलाई में सर्वाधिक मधुमेह के रोगी है। उन्होंने छात्राओं को मधुमेह के लक्षणों तथा उससे प्रभावित होने वाले अंगों के संबंध में वैज्ञानिक तथ्यों सहित महत्वपूर्ण जानकारी दी। शरीर के विभिन्न अंग हार्मोन्स के द्वारा प्रभावित होते है। मधुमेह में भी इसकी अधिकता आँख, किडनी, हृदय को सर्वाधिक प्रभावित करती

है। इसके बचाव के लिये हमारी दिनचर्या का नियन्त्रण ही श्रेष्ठकर उपाय है। उन्होंने कहा कि मधुमेह की जानकारी बताते ही हमारे सलाहकारों की संख्या बढ़ जाती है। विभिन्न प्रकार के नुस्खों से हम दिगभ्रमित हो जाते है और बीमारी कम होने की बजाय बढ़ती जाती है। हमारा आलस्य और लापरवाही मधुमेह को जन्म देती है। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि खाना मना नहीं है बल्कि खाने पर नियंत्रण जरूरी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि दिनचर्या के नियंत्रित होने से मधुमेह भी स्वभाविक तौर पर नियंत्रित हो जाता है। स्पर्श हॉस्पिटल के अधिकारी अभिषेक जैन ने भी हॉस्पिटल में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. रेशमा लाकेश ने किया।

प्रादेशिकी
रायपुर शुक्रवार, 15 नवंबर 2019

विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया

हमारी दिनचर्या ही मधुमेह से बचाव का इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शास. डॉ वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस के तत्वावधान में विश्व मधुमेह दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर

- दुर्ग-भिलाई में सर्वाधिक रोगी

डॉ शिवेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव का व्याख्यान हुआ। उन्होंने कहा कि भारत में सर्वाधिक मधुमेह के पीड़ति है तथा प्रदेश में दुर्ग-भिलाई में सर्वाधिक मधुमेह के रोगी हैं। मधुमेह के लक्षणों तथा उससे प्रभावित होने वाले अंगों के संबंध में वैज्ञानिक तथ्यों सहित महत्वपूर्ण जानकारी दी। शरीर के विभिन्न अंग हार्मोन्स के द्वारा प्रभावित होते हैं। मधुमेह की अधिकता आंख, किडनी, हृदय को सर्वाधिक प्रभावित करती है। इसके बचाव के लिए हमारी दिनचर्या पर नियंत्रण ही श्रेष्ठकर उपाय है। उन्होंने कहा कि मधुमेह होने के बारे में बताते ही हमारे सलाहकारों की संख्या बढ़ जाती है। विभिन्न प्रकार के नुस्खों से हम दिगभ्रमित हो जाते हैं और बीमारी कम होने की बजाय बढ़ती जाती है। हमारा आलस्य और लापरवाही मधुमेह को जन्म देती है। डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि खाना मना नहीं है बल्कि खाने पर नियंत्रण जरूरी है। डॉ सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि दिनचर्या के नियंत्रित होने से मधुमेह भी स्वभाविक तौर पर नियंत्रित हो जाता है। स्पर्श हॉस्पिटल के अधिकारी अभिषेक जैन ने हॉस्पिटल में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ रेशमा लाकेश ने किया।

रायपुर, शुक्रवार 15 नवंबर 2019
haribhoomi.com

The Hitavada
Friday November 15 2019

India tops chart in number of diabetes patients in world: Dr Shrivastava

Guest addressing the seminar organised on 'World Diabetes Day' at Government WWP Girls PG College, Durg.

Staff Reporter
DURG, Nov 14

A SEMINAR was organised on 'World Diabetes Day' under the aegis of the Youth Red Cross Society of Govternment WWP Girls PG College, Durg at the college campus. A lecture of Dr Shivendra Bhadur Shrivastava was organised on the topic.

Youth Red Cross In-charge Dr Reshma Lokesh detailed on the topic and welcomed the gathering. Talking on diabetes Dr Shrivastava informed that India tops the chart in number of diabetes patients in the world and in state Durg-Bhilai has the highest number of diabetes patients. He informed the students about the scientific facts along with important information regarding the symptoms of diabetes and the body parts that are affected due to diabetes. Dr Shrivastava said that diabetes mostly affects the heart, eye and kidney. He said that eating is not prohibited in diabetes instead control on it is necessary. Principal Dr Sushil Chandra Tiwari said that with control over our lifestyle and daily routine diabetes gets automatically controlled. The students also satisfied their queries through question and answer.

Dr Reshma Lokesh conducted the proceedings of the seminar. College, faculty, employees and students were present in large number.

पत्रिका PLUS

भिलाई, गुरुवार, 31.10.2019

PATRIKA.COM/ENTERTAINMENT

पिंक अक्टूबर कैंपेन में बताया कैसे खुद ही पहचाने ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण

शासकीय गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी का आयोजन

पत्रिकाPLUS रिपोर्टर

भिलाई ◆ अक्टूबर का महीना दुनियाभर में पिंक अक्टूबर के नाम से भी जाना जाता है। क्योंकि यह पूरा महीना ब्रेस्ट कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने समर्पित है। इसी कड़ी में गर्ल्स कॉलेज की यूथ रेडक्रास सोसाइटी ने ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस कैंपेन चलाया। जिसमें रेडक्रास प्रभारी ने बताया कि कैसे छात्राएं घर पर ही नियमित रूप से ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण को जल्द पहचानकर अपना इलाज करा सकते हैं।

रेडक्रास प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि शरीर के किसी अंग में होने वाली कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि कैन्सर का प्रमुख कारण होती हैं। शरीर में आवश्यकतानुसार यह कोशिकाएं बट जाती हैं, लेकिन जब यह लगातार वृद्धि करती है तो कैन्सर का रूप ले लेती हैं। इस प्रकार स्तन कोशिकाओं में होने वाली अनियंत्रित वृद्धि स्तन कैन्सर का प्रमुख कारण हैं। कोशिकाओं में होने वाली लगातार वृद्धि एकत्र होकर गांठ का रूप ले लेती है, जिसे कैन्सर ट्यूमर कहते हैं। इससे बचने हम अपनी लाइफ स्टाइल में शाकाहारी, रेशेदार खान-पान, फल- सब्जियां, व्यायाम को शामिल करें। साथ ही तेल युक्त मसालेदार भोजन, धूम्रपान, अतिरिक्त नमक, अधिक कैलोरी से परहेज इस रोग से बच सकते हैं।

खुद करें परीक्षण

रेडक्रास वालेन्टियर सोनम सेन ने कहा कि कैन्सर के बारे में बहुत बड़ी समस्या यह है कि ज्यादातर लोगों को लगता है, यह बीमारी हमें नहीं हो सकती है। सौम्या साहू ने बताया कि ब्रेस्ट कैन्सर के अधिकतर प्रकरणों में अनुवांशिकता, जीन, एन्वायरमेन्ट और लाइफ स्टाईल प्रमुख कारक है। शिखा शर्मा के अनुसार हर महिला स्वयं परीक्षण कर इस रोग का पता लगा सकती है। पर जरूरी है कि इसे पहचानने लोग जागरूक हो, अपनी जांच नियमित समय पर खुद करें तो मशीन जांचो से पहले ही बीमारी के होने की जानकारी मिल सकती है।

यह छूत की बीमारी नहीं

मानसी सेन ने बताया कि लोगों को गलत धारणा है कि ब्रेस्ट कैंसर छूत की बीमारी है जो कि खून, चोंट आदि से हो सकती है, पर सत्य यह है कि यह शरीर में अपने आप होने वाला रोग है जो कि बीस साल के बाद की किसी भी महिला को हो सकता है। दिव्या ने बताया कि खानपान और लाईफस्टाईल में सुधारकर इसके आशंका को कम किया जा सकता है। इस कैन्सर के सफल इलाज का एकमात्र सूत्र है जल्द पहचान अर्थात् जितनी शुरूआती अवस्था में कैन्सर की पहचान होगी उसका इलाज उतना ही सरल, सस्ता, छोटा और सफल होगा।

दुर्ग हरिभूमि 14

रायपुर, गुरुवार 31 अक्टूबर 2019
haribhoomi.com

ब्रेस्ट कैंसर अवेरनस कैम्पेन, पहले या दूसरे चरण में पता चलने पर इलाज संभव

कोशिकाओं में बढ़ोतरी ही कैंसर का कारणः डॉ रेशमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शास. डॉ वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा ब्रेस्ट कैन्सर अवेरनस कैम्पेन चलाया गया। जिसमें रेडक्रॉस प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश ने बताया कि शरीर के किसी अंग में होने वाली कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि कैन्सर का प्रमुख कारण होती है। शरीर में आवश्यकतानुसार यह कोशिकायें बट जाती है, लेकिन जब यह लगातार वृद्धि करती है तो कैन्सर का रूप ले लेती है। इस प्रकार स्तन कोशिकाओं में होने वाली अनियंत्रित वृद्धि स्तन कैन्सर का प्रमुख कारण है। कोशिकाओं में होने वाली लगातार वृद्धि एकत्र होकर गांठ का रूप ले लेती है, जिसे कैन्सर ट्यूमर कहते हैं। ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि आने वाले समय में यह रोग हमारे देश में महामारी का रूप ले लेगा, परन्तु शाकाहारी, रेशेदार खान-पान फल सब्जियां, व्यायाम एवं तेल युक्त मसालेदार भोजन, धुम्रपान, अतिरिक्त नमक, अधिक कैलोरी से परहेज इस रोग से बचाव में सहायक होते हैं।

■ यूथ रेडक्रास इकाई का आयोजन

स्तन कैन्सर होने पर पहले या दूसरे चरण में ही इसका पता चल जाने से सही समय पर इसका इलाज सम्भव है, लेकिन इसका पता चल जाना भी जागरुकता पर निर्भर है, इसी उद्देश्य से महाविद्यालयीन छात्राओं के लिये जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें स्तन कैन्सर से संबंधित समस्त जानकारियाँ जैस- लक्षण, बचाव आदि बताये गये।

कैंसर का इलाज जल्द पहचान

मानसी सेन ने कहा कि यह छूत की बिमारी नही है। जो कि खून, चोंट आदि से हो सकती है, अपितु सत्य यह है कि यह शरीर में अपने आप होने वाला रोग है जो कि बीस साल के बाद की किसी भी महिला को हो सकता है। दिव्या ने बताया कि खानपान और लाईफस्टाईल में सुधारकर इसके आशंका को कम किया जा सकता है, इस कैन्सर के सफल इलाज का एकमात्र सूत्र है जल्द पहचान अर्थात जितनी शुरूआती अवस्था में कैन्सर की पहचान होगी उतना ही सरल, सस्ता, छोटा और सफल होगा।

लाइफ स्टाइल से भी जन्म लेता है कैंसर

अक्टूबर को पिंकटोबर यानी गुलाबी अक्टूबर भी कहा जाता है क्योंकि यह माह दुनियाभर में ब्रेस्ट कैन्सर के प्रति जागरुकता फैलाने के लिये समर्पित है। रेडक्रॉस वालेन्टियर सोनम सेन ने कहा कि कैन्सर के बारे में बहुत बड़ी समस्या यह है कि ज्यादातर लोगों को लगता है, यह बीमारी हमें नहीं हो सकती है। सौम्या साहू ने बताया कि ब्रेस्ट कैन्सर के अधिकतर प्रकरणों में अनुवांशिकता, जीन, एन्वायरमेन्ट और लाइफस्टाईल प्रमुख कारक है। शिखा शर्मा के अनुसार हर महिला स्वयं परीक्षण कर इस रोग का पता लगा सकती है, इसके पहचान के बारे में लोग जागरूक हो, अपनी जांच नियमित समय पर खुद करें तो मशीन जांचो से पहले ही बिमारी के होने की जानकारी प्राप्त हो सकती है।

दैनिक भास्कर
भिलाई-रायपुर, गुरुवार 31 अक्टूबर, 2019 | 18

अवेयरनेस प्रोग्राम • गर्ल्स कॉलेज में रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेश्मा ने कहा...

लाइफस्टाइल को जरूरत से ज्यादा बदलना भी स्तन कैंसर का कारण

सिटी रिपोर्टर | भिलाई

बदलते दौर में अपने लाइफस्टाइल को जरूरत से ज्यादा बदलना भी स्तन कैंसर का प्रमुख कारण है। शरीर के किसी अंग में होने वाली कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि कैंसर का प्रमुख कारण होती है। शरीर में आवश्यकतानुसार यह कोशिकाएं बट जाती हैं।

लेकिन जब यह लगातार वृद्धि करती है तो कैंसर का रूप ले लेती है। इस प्रकार स्तन कोशिकाओं में होने वाली अनियंत्रित वृद्धि स्तन कैंसर का प्रमुख कारण है। कोशिकाओं में होने वाली लगातार वृद्धि एकत्र होकर गांठ का रूप ले लेती है, जिसे कैंसर ट्यूमर कहते है। शाकाहारी, रेशेदार खान-पान, फल, सब्जियां, व्यायाम कर एवं तेल युक्त मसालेदार भोजन, धूम्रपान, अतिरिक्त नमक, अधिक कैलोरी से परहेज कर इस रोग से बचा जा सकता है। यह जानकारी गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में ब्रेस्ट अवेयरनेस कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए रेडक्रास प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने कही।

गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में ब्रेस्ट अवेयरनेस कार्यक्रम में छात्राओं को दी गई विषय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां।

कॉलेज की छात्राओं ने भी विषय पर रखी अपनी बात

रेडक्रास वालंटियर सोनम सेन ने कहा कि कैंसर के बारे में बहुत बड़ी समस्या यह है कि ज्यादातर लोगों को लगता है, यह बिमारी हमें नहीं हो सकती है। सौम्या साहू ने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर के अधिकतर प्रकरणों में अनुवांशिकता, जीन, एन्वायरनमेंट और लाइफस्टाईल प्रमुख कारक है। शिखा शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने सेहत के प्रति जागरूक करने का काम किया।

लाइफ स्टाइल में सुधारकर बच सकते हैं बीमारी से

कॉलेज की मानसी सेन ने बताया कि लोगों को गलत धारणा भी है कि यह छूत की बिमारी है जो कि खून, चोट आदि से हो सकती है। लेकिन सत्य यह है कि यह शरीर में अपने आप होने वाला रोग है जो कि बीस साल के बाद की किसी भी महिला को हो सकता है। दिव्या ने बताया कि खानपान और लाइफस्टाईल में सुधारकर इसके आशंका को कम किया जा सकता है। डॉक्टरों से भी सलाह लेते रहें।

कोलेस्ट्रॉल वाले भोजन से रहें दूर, बचेंगे बीमारी से

गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में यूथ रेडक्रास इकाई द्वारा ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस कैंपेन चलाया गया। जहां डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि बदलते दौर में अपने लाइफस्टाइल को जरूरत से ज्यादा बदलना भी स्तन कैंसर का कारण बन सकता है। ज्यादा कोलेस्ट्रॉल वाले भोजन से दूर रहें और गर्भनिरोधक दवाइयों का सेवन ना करें। इसके अलावा 40 की उम्र के बाद साल में एक बार मेमोग्राफी जरूर करवाएं।

स्तन कैंसर का श...

दुर्ग, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा ब्रेस्ट कैन्सर अवेरनस कै... चलाया गया जिसमें रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेश... लाकेश ने बताया कि शरीर के किसी अंग में होने वाली कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि कैन्सर का प्रमुख कारण होती है। शरीर में आवश्यकतानुसार यह कोशिकायें बट जाती हैं, लेकिन जब यह लगातार वृद्धि करती है तो कैन्सर का रूप ले लेती है। इस प्रकार स्तन कोशिकाओं में होने वाली अनियंत्रित वृद्धि स्तन कैन्सर का प्रमुख कारण है। कोशिकाओं में होने वाली लगातार वृद्धि एकत्र होकर गां... कैन्सर ट्यूमर कहते है...

■ स्तन कैंसर... शिविर में ...

... जा रही है कि आने ... देश में महामारी का ... रेशेदार खान-पान ... युक्त मसालेदार भोज... अधिक कैलोरी से ...

पर थाना प्रभारी प्रदीप मिंज के निर्देशन में जुआ के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए उक्त स्थानों पर अलग-अलग टीम भेजी गई, जहाँ पुलिस ने दबिश देकर घेराबंदी की और आरोपियों को गिरफ्तार किया.

आरोपियों से 19210 रूपए नगद किया बरामद

ग्राम जोनीपाली में ताराबीरा तालाब के पास स्ट्रीट लाईट के नीचे 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहें 10 लोगों ललित दास पिता अनूप दास उम्र 36 वर्ष, दशरथ दास पिता विश्राम दास मानिकपुरी 55 वर्ष, सुरीम दास पिता उदे दास मानिकपुरी 45 वर्ष, नारायण दास पिता भीष्म दास 24 वर्ष, नीलप्रसाद पिता दाँसरथी 34 वर्ष, हरीदास पिता दशरथ दास 27 वर्ष, सूरज दास पिता उत्तरा कुमार 25 वर्ष, गोपीचंद पिता सुरीत दास 22 वर्ष, नीलकंठ पिता देवार्चन सोना 27 वर्ष, विजय गिरी पिता चमरू लाल 38 वर्ष सभी निवासी ग्राम जोगनीपाली को गिरफ्तार किया. उनके पास से 4500 रूपये नगद जब्त किया गया। इसी तरह शहर के पतेरापाली में बर्फ फैक्टरी के पास ...

नगद जब्त किया गया. ग्राम लम्बर ... ताश से जुआ खेल रहे 4 लोगों नीलां... 35 वर्ष, सीताराम पिता धीरपाल याद... कुरसो चौ... 2250 रूप... में खुशीराम... खेल रहे 4... दुर्योधन क... पिता हरिशंकर निषाद 33 वर्ष, शोभार... वर्ष, मकरध्वज पिता दयानिधि साहू के... नगद सहित 52 पत्ती ताश जब्त कर उ... है. सभी आरोपियों के खिलाफ धारा ... कार्यवाही की गई. वहीं कोसमपाली में ... पट्टी से जुआ खेल रहे अयोध्या प्रसाद ... से 6 नग खुड़खुड़िया गोटी एवं 7270 रूप... गया. इसी प्रकार नगर के मंजीत ढाबा के ... जुआ खिला रहे देवेन्द्र नायक पिता मे...

देशबन्धु | रायपुर, गुरुवार, 31अक्टूबर, 2019 | 3
प्रादेशिकी
दुर्ग-भिलाई-बालोद-कवर्धा-बेमेतरा-राजनांदगांव

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 18.10.2019

प्रेस विज्ञप्ति

गर्ल्स कॉलेज में

महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में

विश्व रःजोनिवृत्ति दिवस

शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में विश्व रःजोनिवृत्ति दिवस के अवसर पर छात्राओं को स्त्री की शारीरिक संरचना एवं समयानुसार होने वाले परिवर्तनों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि रःजोनिवृत्ति की जीवन में होने वाली एक प्राकृतिक व आवश्यक प्रक्रिया के रूप में देखे जो जीवन के एक निश्चित समय में सीमति अवधि के रूप में चलती है। यह कोई बीमारी नहीं है क्योंकि इस समय उत्पन्न होने वाले सभी लक्षण अस्थाई होते है।

डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल ने इस समय होने वाले शारीरिक परिवर्तनों और होने वाले प्रभाव से बचाव के लिए उचित पोषण एवं आहार की विस्तृत जानकारी दी तथ बताया कि व्यायाम एवं योग के द्वारा भी इस दौरान होने वाली समस्याओं का निराकरण संभव है। रःजोनिवृत्ति से उत्पन्न समस्याओं का एक विशेष निराकरण परामर्श है, जीवन के मध्य भाग में होने वाले इस उतार चढ़ाव में परामर्श का महत्व और अधिक हो जाता है। डॉ. ज्योति भरणे ने बताया कि स्त्रियों के व्यक्तिगत अनुभव व रःजोनिवृत्ति के समय धारित पारिवारिक सामाजिक परिस्थितियों का विशेष प्रभाव कई स्त्रियों में देखा जाता है या ऐसे परिवर्तन जो जीवन के इस सोपान पर *स्त्रियों को देखना पड़ता है अथवा सामना करना पड़ता हैं उसका संभावित प्रभाव रःजोनिवृत्ति* पर पड़ता है।

शोध छात्रा कु. नम्रता देवांगन ने मासिक धर्म में होने वाले हारमोनल, शारीरिक, मानसिक एवं समाजिक प्रभाव को बताया। समस्त छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा एवं शंकाओं का परामर्श एवं समाधन प्राप्त किया। महाविद्यालय में समय–समय पर छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की जाती है।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

PRINCIPAL
Govt Dr W.V. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

प्राचार्य

PRINCIPAL
Govt Dr WW. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

पत्रिका

भिलाई, शनिवार
26 अक्टूबर, 2019

छात्राओं को मिली उम्र के साथ शारीरिक बदलावों की जानकारी

भिलाई @ पत्रिका ◆ कन्या महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस ने छात्राओं को स्त्री की शारीरिक संरचना एवं समयानुसार होने वाले परिवर्तनों से संबंधित जानकारी दी।

यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि रजोनिवृत्ति को जीवन में होने वाली एक प्राकृतिक व जरूरी प्रक्रिया के रूप में देखें। यह कोई बीमारी नहीं है, क्योंकि इस समय उत्पन्न होने वाले सभी लक्षण अस्थाई होते है। डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल ने इस समय होने वाले शारीरिक परिवर्तनों से बचाव के लिए उचित पोषण एवं आहार की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. ज्योति भरणे ने बताया कि स्त्रियों के व्यक्तिगत अनुभव व रजोनिवृत्ति के समय धारित पारिवारिक सामाजिक परिस्थितियों का विशेष प्रभाव कई स्त्रियों में देखा जाता है। शोध छात्रा नम्रता देवांगन ने मासिक धर्म में होने वाले हारमोनल, शारीरिक, मानसिक व सामाजिक प्रभाव को बताया।

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05.11.2019

प्रेस विज्ञप्ति

गर्ल्स कॉलेज में

प्री–मैराइटल काउन्सलिंग फॉर गर्ल्स

शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस इकाई के तत्वाधान से प्री–मैराइटल काउन्सलिंग फॉर गर्ल्स का आयोजन किया गया।

संयोजक एवं यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि काउन्सलिंग के माध्यम से युवा छात्राओं को विवाह के पूर्व काउन्सलिंग कर सशक्त व स्वस्थ रिश्तों को आरम्भ कर स्थायी एवं संतुष्ट वैवाहिक जीवन प्रदान किया जाता है। इसके द्वारा स्वयं के कमजोर पक्षों का भी ज्ञान होता है, जो कि विवाह के बाद प्रायः समस्या उत्पन्न कर विवाह विच्छेद जैसे कारणों को जन्म देता है। वर्तमान में युवा पीढ़ी कॅरियर को प्रथम प्राथमिकता दे रही है परन्तु विवाह भी महत्वपूर्ण एवं समाजिक आवश्यकता है। अतः छात्राओं को अपने वैवाहिक जीवन में सामंजस्य स्थापित कर सफलता अर्जित करने हेतु यह आयोजन किया गया है।

डॉ. अल्का दुग्गल ने बताया कि प्री–मराइटल काउन्सलिंग में विभिन्न पक्षों जैसे– आर्थिक, मूल्यों, निर्णय, समय, आपसी सम्बन्धों, अपेक्षाओं आदि पर बात कर सकते है।

एक्सपर्ट एवं काउन्सलर डॉ. शमा हमदानी ने पूर्व विवाह परामर्श के महत्व को बताया कि किस तरह संवाद के माध्यम से वास्तविकता और अपेक्षाओं को मूर्त रूप दिया जा सकता है क्योंकि हर परिवार में कुछ न कुछ असमानताएं होती है जिस परिवार से हमारा सम्बन्ध होता है उसी के अनुसार अपने आपको ढालना चाहिये क्योंकि जितनी जल्दी सामंजस्य स्थापित होगा उतना ही सफल पारिवारिक जीवन होगा।

छात्राओं ने अपने विचार एवं प्रश्न रखें जैस– कु. सिमरन सिंह ने जानना चाहा कि विवाह की आवश्यकता और वधू से ही सारी अपेक्षाएं क्यों होती है? पायल साहू को वधू के वर के घर जाने पर आपत्ति थी? वर्षा ने विवाह हेतु क्या–क्या तैयारी करने के बारे में जानकारी चाही। कु. एकता कौमार्य ने पूछा कॅरियर एवं घर–परिवार के साथ कैसे सामंजस्य स्थापित करें? आदि अनेक गंभीर प्रश्न एवं जिज्ञासायें सामने आयी।

डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र के मार्गदर्शन में लगातार छात्राहित में ऐसे आयोजन किये जाते है जिसमें रेगुलर कोर्स के साथ–साथ छात्राओं के लिये काउन्सलिंग की जाती है जिससे वे भविष्य में अपने दायित्वों एवं कर्त्तव्यों का उचित निर्वाह कर श्रेष्ठ नागरिक सिद्ध हो सके।

PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

प्री–मैराइटल काउन्सलिंग फॉर गर्ल्स



PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar

14 नईदुनिया
रायपुर, बुधवार 06 नवंबर 2019

वर्कशॉप

डॉ. पाटणकर कन्या महाविद्यालय में आयोजन, छात्राओं ने विशेषज्ञों से पूछे कई सवाल

छात्राओं को वैवाहिक जीवन में सामंजस्य स्थापित करने दिए टिप्स

दुर्ग (वि.)। डॉ. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस इकाई के तत्वावधान में प्री-मैराइटल काउंसलिंग फॉर गर्ल्स का आयोजन किया गया। काउंसलिंग में छात्राओं को वैवाहिक जीवन में सामंजस्य स्थापित करने कई टिप्स दिए गए।

संयोजक एवं यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि काउंसलिंग के माध्यम से युवा छात्राओं को विवाह के पूर्व काउंसलिंग कर सशक्त व स्वस्थ रिश्तों को आरंभ कर स्थायी एवं संतुष्ट वैवाहिक जीवन प्रदान किया जाता है। इसके द्वारा स्वयं के कमजोर पक्षों का भी ज्ञान होता है, जो कि विवाह के बाद प्राय: समस्या उत्पन्न कर विवाह विच्छेद जैसे कारणों को जन्म देता है।

वर्तमान में युवा पीढ़ी कॅरियर को प्रथम प्राथमिकता दे रही है। विवाह भी महत्वपूर्ण एवं सामाजिक आवश्यकता है। डॉ. अल्का दुग्गल ने बताया कि

डॉ. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा आयोजित वर्कशॉप में शामिल छात्राएं। ● नईदुनिया

प्री-मैराइटल काउंसलिंग में विभिन्न पक्षों जैसे- आर्थिक, मूल्यों, निर्णय, समय, आपसी संबंधों, अपेक्षाओं आदि पर बात कर सकते हैं। डॉ. शमा हमदानी ने पूर्व विवाह परामर्श के महत्व को बताया कि किस तरह संवाद के माध्यम से वास्तविकता और अपेक्षाओं को मूर्त रूप दिया जा सकता है क्योंकि हर परिवार में कुछ न कुछ असमानताएं होती है।

विषय विशेषज्ञों ने दी जानकारी। ● नईदुनिया

छात्राओं ने इस तरह के पूछे सवाल

छात्राओं ने अपने विचार एवं प्रश्न रखे। सिमरन सिंह ने पूछा कि विवाह की आवश्यकता और वधू से ही सारी अपेक्षाएं क्यों होती है। वर्षा ने विवाह के लिए क्या-क्या तैयारी चाहिए इस संबंध में जानकारी ली। एकता कौमार्य ने पूछा कॅरियर एवं घर-परिवार के साथ कैसे सामंजस्य स्थापित करें आदि अनेक गंभीर प्रश्न एवं जिज्ञासाएं सामने आई। डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र के मार्गदर्शन में लगातार छात्राहित में ऐसे आयोजन किए जाते हैं। इसमें रेगुलर कोर्स के साथ-साथ छात्राओं के लिए काउंसलिंग की जाती है, जिससे वे भविष्य में अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का उचित निर्वाह कर श्रेष्ठ नागरिक सिद्ध हो सके।

नवभारत
रायपुर, बुधवार 6 नवंबर 2019
www.navabharat.org

गर्ल्स कॉलेज में हुई प्री-मैराइटल काउंसिलिंग फॉर गर्ल्स, विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

वैवाहिक जीवन पर पूछे रोचक सवाल

नवभारत रिपोर्टर | दुर्ग.
www.navbharat.org

गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने वैवाहिक जीवन के संबंध में विशेषज्ञों से रोचक सवाल पूछे. जिसका जवाब वहां मौजूद काउंसलरों ने उन्हें बेबाकी से दिया. दरअसल मंगलवार को शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस इकाई के तत्वावधान से प्री-मैराइटल काउंसिलिंग फॉर गर्ल्स का आयोजन किया गया. जिसमें छात्राओं ने जिज्ञासावश सवाल पूछे. संयोजक एवं यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि काउंसिलिंग के माध्यम से युवा छात्राओं को विवाह के पूर्व काउंसिलिंग कर सशक्त व स्वस्थ रिश्तों को आरम्भ कर स्थायी एवं संतुष्ट वैवाहिक जीवन प्रदान किया जाता है. इसके द्वारा स्वयं के कमजोर पक्षों का भी ज्ञान होता है, जो कि विवाह के बाद प्रायः समस्या उत्पन्न कर विवाह

विच्छेद जैसे कारणों को जन्म देता है.

छात्राओं ने काउंसलरों के समक्ष अपने विचार एवं प्रश्न रखे. कु. सिमरन सिंह ने जानना चाहा कि विवाह की आवश्यकता और वधु से ही सारी अपेक्षाएं क्यों होती है? पायल साहू को वधु के वर के घर जाने पर आपत्ति थी? वर्षा ने विवाह हेतु क्या-क्या तैयारी करने के बारे में जानकारी चाही. कु. एकता कौमार्य ने पूछा कॅरियर एवं घर-परिवार के साथ कैसे सामंजस्य स्थापित करें? अनेक गंभीर प्रश्न एवं जिज्ञासायें सामने आयी. डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र के मार्गदर्शन में लगातार छात्राहित में ऐसे आयोजन किये जाते है जिसमें रेगुलर कोर्स के साथ-साथ छात्राओं के लिये काउन्सलिंग की जाती है जिससे वे भविष्य में अपने दायित्वों एवं कर्त्तव्यों का उचित निर्वाह कर श्रेष्ठ नागरिक सिद्ध हो सके.

वैवाहिक जीवन में हो सामंजस्य

वर्तमान में युवा पीढ़ी कॅरियर को प्रथम प्राथमिकता दे रही है परन्तु विवाह भी महत्वपूर्ण एवं सामाजिक आवश्यकता है. अतः छात्राओं को अपने वैवाहिक जीवन में सामंजस्य स्थापित कर सफलता अर्जित करने हेतु यह आयोजन किया गया है.

सफल पारिवारिक जीवन के दिए टिप्स

डॉ. अल्का दुग्गल ने बताया कि प्री-मराइटल काउंसिलिंग में विभिन्न पक्षों जैसे- आर्थिक, मूल्यों, निर्णय, समय, आपसी सम्बन्धों, अपेक्षाओं आदि पर बात कर सकते है. एक्सपर्ट एवं काउंसलर डॉ. शमा हमदानी ने पूर्व विवाह परामर्श के महत्व को बताया कि किस तरह संवाद के माध्यम से वास्तविकता और अपेक्षाओं को मूर्त रूप दिया जा सकता है क्योंकि हर परिवार में कुछ न कुछ असमानताएं होती है जिस परिवार से हमारा सम्बन्ध होता है उसी के अनुसार अपने आपको ढालना चाहिये क्योंकि जितनी जल्दी सामंजस्य स्थापित होगा उतना ही सफल पारिवारिक जीवन होगा.

रायपुर, बुधवार 6 नवंबर 2019
haribhoomi.com

दुर्ग हरिभूमि

कालेज में छात्राओं को दिए गए शादी के बाद सशक्त व स्वस्थ रिश्तों के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शास. डॉ वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस इकाई के तत्वावधान में प्री-मैराइटल काउन्सलिंग फॉर गल्स का आयोजन किया गया। संयोजक एवं

■ डा. वावा पाटणकर कालेज में हुआ आयोजन

यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश ने बताया कि काउन्सलिंग के माध्यम से युवा छात्राओं को विवाह के पूर्व काउन्सलिंग कर सशक्त व स्वस्थ रिश्तों को आरंभ कर स्थायी एवं संतुष्ट वैवाहिक जीवन प्रदान किया जाता है। इसके द्वारा स्वयं के कमजोर पक्षों का भी ज्ञान होता है, जो कि विवाह के बाद प्रायः समस्या उत्पन्न कर विवाह विच्छेद जैसे कारणों को जन्म देता है। वर्तमान में युवा पीढ़ी कॅरियर को प्रथम प्राथमिकता दे रही है, परन्तु विवाह भी महत्वपूर्ण एवं सामाजिक आवश्यकता है। छात्राओं को अपने वैवाहिक जीवन में सामंजस्य स्थापित कर सफलता अर्जित करने के लिए यह आयोजन किया गया है।

डॉ अल्का दुग्गल ने बताया कि प्री-मराइटल काउन्सलिंग में विभिन्न पक्षों जैसे- आर्थिक, मूल्यों, निर्णय, समय, आपसी सम्बन्धों, अपेक्षाओं आदि पर बात कर सकते हैं। एक्सपर्ट एवं काउन्सलर डॉ शमा हमदानी ने पूर्व विवाह परामर्श के महत्व को बताया कि किस तरह संवाद के माध्यम से वास्तविकता और अपेक्षाओं को मूर्त रूप दिया जा सकता है, क्योंकि हर परिवार में कुछ न कुछ असमानताएं होती है। जिस परिवार से हमारा सम्बन्ध होता है, उसी के अनुसार अपने आपको ढालना चाहिये। छात्रा सिमरन सिंह ने जानना चाहा कि विवाह की आवश्यकता और वधू से ही सारी अपेक्षाएं क्यों होती है? पायल साहू को वधू के वर के घर जाने पर आपत्ति थी? वर्षा ने विवाह हेतु क्या-क्या तैयारी करने के बारे में जानकारी चाही। एकता कौमार्य ने पूछा कॅरियर एवं घर-परिवार के साथ कैसे सामंजस्य स्थापित करे? आदि अनेक गंभीर प्रश्न एवं जिज्ञासाएं सामने आई।

पत्रिका PLUS
भिलाई, शुक्रवार, 08.11.2019 PATRIKA.COM

ANCHOR गर्ल्स कॉलेज में डॉ. शमा हमदानी ने की छात्राओं की काउंसिलिंग

शादी से पहले काउंसलिंग जरूरी ताकि समझ सकें एक-दुसरे के परिवार को

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

भिलाई • शादी के बाद हमेशा वधु को ही अपना घर छोड़कर क्यों जाना पड़ता है? वर क्यों नहीं आते अपना घर छोड़कर?.. ससुराल में जाकर घर-परिवार के बीच कैसे तालमेल बैठाया जाए... हमेशा बहू से ही सारी अपेक्षाएं क्यों होती हैं? विवाह के लिए हमें किस तरह खुद को तैयार करना होगा? कई ऐसे प्रश्न थे जो गर्ल्स कॉलेज दुर्ग की छात्राओं ने खुलकर पूछे। मौका था यूथ रेडक्रास इकाई के प्री मैराइटल काउंसलिंग का। इस अवसर पर यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश एवं काउंसलर डॉ शमा हमदानी ने विवाह के पूर्व परामर्श को जरूरी बताया। डॉ रेशमा लाकेश ने कहा कि काउंसलिंग के माध्यम से छात्राओं को शादी के पहले काउंसलिंग कर उन्हें सशक्त और स्वस्थ्य रिश्तों से आरंभ कर स्थाई और संतुष्ट वैवाहिक जीवन कैसे बनाते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं में जानकारी का अभाव ही समस्या को जन्म देता है और यह समस्या बढ़कर तलाक तक पहुंच जाती हैं। आजकल युवा पीढ़ी कॅरियर को प्राथमिकता दे रही है, लेकिन विवाह भी सामाजिक आवश्यकता है।

कई पहलुओं को समझने में आसानी

कार्यक्रम में डॉ अलका दुग्गल ने बताया कि प्री मैराइटल काउंसलिंग के जरिए विवाह के पहले आर्थिक, मूल्यों, निर्णय, समय, आपसी संबंधों, अपेक्षाओं आदि पर बात की जा सकती है। एक्सपर्ट शमा अहमदानी ने पूर्व विवाह परामर्श के महत्व को बताया कि किस तरह संवाद के माध्मय से वास्तविकता और अपेक्षाओं को मूर्त रूप दिया जा सकता है।

छात्राओं ने पूछे प्रश्न

प्री मैरिज काउंसलिंग के इस कार्यक्रम में छात्राओं ने ओपन सेशन में कई प्रश्न पूछे, जिसका जवाब एक्सपर्ट ने दिया। उन्हें कई चीजों को समझाया। छात्राएं भी अपने सवाल के जवाब जानकर संतुष्ट हुई। उन्होंने इस कार्यक्रम को काफी उपयोगी बताया।

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.10.2019

प्रेस विज्ञप्ति

गर्ल्स कॉलेज की यूथरेडक्रॉस की छात्राओं ने "दादी–नानी संग दिन गुजारा"

शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की यूथरेडक्रॉस की छात्राओं ने दादी–नानी संग दिन गुजारा, उन्होनें सिर्फ न बातचीत की बल्कि गीत–संगीत एवं नृत्य भी किया।

